दिन– गुरूवार दिनांक– 03/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. कोसी, गंडक, महानंदा और अन्य नदियों के बढ़ते जलस्तर से पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा और किशनगंज जिले के नए इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

02. नेपाल में अगले चौबीस घंटे में भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए कोसी और सीमांचल क्षेत्र के लिए अलर्ट जारी।

03. सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराने के मामले में बिहार देशभर में पहले स्थान पर।

04. और, कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू। पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की हो रही है पूजा।

---

कोसी, गंडक, महानंदा, कमला बलान, बागमती और अन्य नदियों के बढ़ते जलस्तर से पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा और किशनगंज जिले की कई पंचायतों के नए इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर रहा है। सीतामढी, दरभंगा, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, सुपौल और सहरसा जिले बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। इधर, नेपाल में अगले चौबीस घंटे में भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए कोसी और सीमांचल क्षेत्र में अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के इक्यासी प्रखंडों की चार सौ उनतीस पंचायतों में लगभग पंद्रह लाख की आबादी बाढ से प्रभावित है।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं।

–––बाईट–––

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन अभी भी इलाकों में बिजली की आपूर्ति करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। कई स्थानों पर पेयजल आपूर्ति के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। वहीं, लोगों की सुविधा के लिए जनरेटर्स के माध्यम से भी बिजली देने का काम चल रहा है। जलजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए कई स्थानों पर बोट एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सा मदद भेजी गई है। अभी तक ढाई लाख फंसे हुए लोगों को एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला है। बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में सड़कों, पूल–पूलियों और बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

इधर, सहरसा–मानसी रेलखंड पर कोसी नदी के पानी का दबाव बना हुआ है। समस्तीपुर के एडीआरएम आलोक झा ने बताया कि कोपरिया और धमहारा समेत अन्य

कई स्थानों पर कोसी नदी का पानी रेल लाईन के पास बह रहा है। उन्होंने बताया कि पानी के दबाव के कारण लगातार रेल लाईनों का निरीक्षण किया जा रहा है।

———————————————————————

खगड़िया जिले में कोसी और बागमती नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के कारण कई प्रखंडों में बाढ़ का खतरा बढ गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिला प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में चार अक्टूबर तक विद्यालयों में पठन पाठन बंद रखने का आदेश दिया है।

———रिपोर्ट———

कोसी और बागमती नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर से आस—पास के कई जिलों की सीमा से सटे बेलदौर, चौथम और अलौली प्रखंड में लोगों को बाढ की चिंता सता रही है। बाढ़ के कारण बेलदौर प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक पंचायत के कई गांव टोलों में पानी प्रवेश कर गया है, वहीं हजारों एकड़ में लगी धान की फसल डूब गई है। मानसी—सहरसा रेलखंड पर भी पानी का दबाब पड़ा है। फिलहाल रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन सामान्य रूप से जारी है। जिला प्रशासन ने 4 अक्टूबर तक जिले के करीब 194 विद्यालयों में पठन पाठन बंद रखने का आदेश दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

शिवहर जिले में बाढ़ से जन—जीवन अस्त—व्यस्त है। बाढ़ प्रभावित गांवों के लोग ऊंचे स्थानों पर शरण लिये हुए हैं। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभी भी कई स्थानों पर बाढ़ का पानी फैला हुआ है। बाढ़ प्रभावित तरियानी छपरा और बराही जगदीश गांव के लोगों की हालत अभी भी दयनीय है। तरियानी छपरा गांव की मुख्य सड़क के पश्चिमी हिस्से का निचला इलाका पानी में डूबा हुआ है। सैकड़ो लोग बागमती तटबंध और छतौनी— बेलसंड मुख्य सड़क पर शरण लिए हुए हैं। प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों के लिए गांव में राहत शिविर और स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने बताया कि सामुदायिक रसोई के माध्यम से बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को भोजन कराया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

सीतामढ़ी जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल रहा है। जिला प्रशासन बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

जिले के बेलसंड और रून्नीसैदपुर समेत नानपुर और बोखड़ा प्रखंड के पंडौल बुर्जूग, पौखरैरा और बनौल पंचायत के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए जिला प्रशासन ने सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की है। डुमरा इंडोर स्टेडियम में राहत वितरण पैकेट तैयार कराकर बाढ प्रभावित परिवारों के बीच वितरित कराया जा रहा है।

इधर, बारिश नहीं होने के कारण बागमती और अधवारा समूह के नदियों के जलस्तर में लगातार गिरावट जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है। वहीं, शेष स्थानों पर बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। विभाग के अनुसार प्रदेश से आज से दस अक्टूबर तक मॉनसून के लौटने की संभावना है। हालांकि पंद्रह अक्टूबर तक कई स्थानों पर छिटपुट बारिश के आसार हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में कृष्णा घाट पर अशोक राजपथ से जे. पी. गंगा पथ संपर्क सड़क का लोकार्पण करेंगे। जे. पी. गंगा पथ का यह चौथा संपर्क पथ होगा, जो अशोक राजपथ से जुड़ेगा। इस नए मार्ग के खुल जाने से एनआईटी, पटना, महेन्द्रू, रमनारोड, गुलबी घाट, भीखना पहाड़ी और खजांची रोड से जुड़े इलाकों के लोग बिना जाम में फंसे गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। मुख्यमंत्री आज ही पटना सिटी में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नवनिर्मित भवन का भी उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि नेफेड और नेशनल को–ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया की सहायता से व्यापार मंडल उड़द दाल, तुअर दाल और मक्के की खरीदारी करेगा। सहकारिता मंत्री ने व्यापार मंडलों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि व्यापार मंडलों में पांच हजार मीट्रिक टन भंडारण क्षमता के गोदाम का भी निर्माण कराया जाएगा। विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य में पांच सौ तेईस निबंधित व्यापार मंडलों में से चार सौ छत्तीस कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन मौसम दो हजार तेईस–चौबीस में दो सौ पचास व्यापार मंडलों की ओर से एक लाख पचहत्तर हजार तीन सौ सत्तासी मीट्रिक टन धान की खरीद की गयी है।

———————————————————————

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवाओं के निःशुल्क वितरण, आपूर्ति और उपयोग में बिहार पूरे देश में शीर्ष पर है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी दवा वितरण और उपयोग से संबंधित सितम्बर माह की रैंकिंग में

बिहार ने सतहत्तर दशमलव दो–दो प्रतिशत अंकों के साथ देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। सूची में दूसरे स्थान पर राजस्थान है। मंत्रालय के अनुसार कुल ग्यारह मापदंडों के आधार पर बिहार देशभर में अव्वल रहा है। इधर, आयुष्मान–भारत–डिजिटल–मिशन स्कैन और शेयर करने के मामले में इस वर्ष सितंबर माह में टोकन जारी करने में बिहार ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया। इससे ओपीडी में निबंधन के लिए कतार में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ती। साथ ही मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को स्वास्थ्य संस्थानों में साझा करना आसान हुआ है।

———————————————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

नवरात्र को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में भक्तिमय माहौल बन गया है। विभिन्न सार्वजनिक पूजा समितियों की ओर से प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी, गोपालगंज के थावे मंदिर, सारण के दिघवारा स्थित आमी मंदिर, आरा के अरण्य देवी मंदिर, सासाराम स्थित तारापीठ, दरभंगा के मां श्यामा काली मंदिर, खगड़िया के कात्यायनी शक्तिपीठ और मुंगेर के मां चंडिका शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें देखी जा रही है। श्रद्धालु अपने घरों में भी कलश स्थापना कर पूजा अर्चना कर रहे हैं।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

नवरात्र के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने दो अक्टूबर से कपास से सूत बनाने वालों के वेतन में पच्चीस प्रतिशत और करघा चलाने वालों के वेतन में सात

प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सूत कातने वालों को पहले प्रति लच्छे दस रुपये मिलते थे जिसे बढाकर बारह रुपये पचास पैसे कर दिया गया है। उन्होंने खादी उत्पादों पर बीस प्रतिशत और ग्रामोद्योग उत्पादों पर दस प्रतिशत छूट की भी घोषणा की। श्री कुमार ने बताया कि पूरे देश में खादी के उत्पादों पर यह छूट तीस नवम्बर तक रहेगी। उन्होंने कहा कि खादी क्षेत्र का व्यवसाय पिछले वित्त वर्ष में एक लाख पचपन हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।

————————————————————————————

केन्द्र सरकार पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत आज से एक पोर्टल शुरू कर रही है। इस पोर्टल के माध्यम से कंपनियां नौकरी के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर सकेंगी। चयनित व्यक्ति को प्रत्येक माह पांच हजार रूपये की छात्रवृति भी मिलेगी। वहीं, कंपनियों में नौकरी पाने के लिए आवेदक को माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

————————————————————————————

केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से राज्य में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के लिए चयनित इक्यानवे पंचायतों समेत सभी ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान अगले वित्तीय वर्ष के लिए तैयार की जानेवाली ग्राम पंचायत विकास योजना से संबंधित योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नशा मुक्ति, बाल विवाह निषेध और दहेज प्रथा पर प्रतिबंध के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

————————————————————————————

राज्य में डेंगू पीड़ित मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक सौ अंठावन नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। पटना से बहत्तर नए मरीजों की पहचान हुयी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में इस वर्ष अब तक डेंगू के तीन हजार चार सौ इकहत्तर मरीजों की पुष्टि होने के साथ ही ग्यारह लोगों की मौत हुयी है।

————————————————————————————

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने दस लाख रूपये मूल्य के नकली सौंदर्य प्रसाधन सामग्री बरामद की है। जब्त सामानों में मेडिकेटेड सैंपू, इन्हेलर, ठंडा तेल और अन्य सामान शामिल हैं।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने राजधानी पटना में बापू टावर के लोकार्पण को पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुए लिखा है – बापू टावर से गांधी के आदर्शों को जानने का मौका मिलेगा।

**दैनिक जागरण** ने मुजफ्फरपुर जिले में हेलीकॉप्टर दुर्घटना की खबर को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है – बाढ राहत सामग्री गिराने में असंतुलित हुआ हेलीकॉप्टर। पानी में करायी लैंडिंग, ग्रामीणों ने जवानों को बचाया।

**दैनिक भास्कर** ने इजराईल और इरान के बीच जंग पर लिखा है – इजराईल का खौफ... इरान में हाई अलर्ट, पावर प्लांट बंद।

**प्रभात खबर** ने राज्य में हो रहे जलवायु परिवर्तन को प्रमुखता दी है – अखबार ने शीर्षक दिया है – सितम्बर में पहले से ज्यादा तपे, अधिकतर छोटे शहर। प्रमुख शहरों का घट रहा न्यूनतम तापमान।

**आज** अखबार की सुर्खी है – सूबे में सैंतालीस और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खुले।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. कोसी, गंडक, महानंदा और अन्य नदियों के बढ़ते जलस्तर से पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा और किशनगंज जिले के नए इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

02. नेपाल में अगले चौबीस घंटे में भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए कोसी और सीमांचल क्षेत्र के लिए अलर्ट जारी।

03. सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराने के मामले में बिहार देशभर में पहले स्थान पर।

04. और, कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू। पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की हो रही है पूजा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।